राज्य स्तरीय आकलन

FA	2

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : सातवीं

विषय : सामाजिक विज्ञान

PAPER CODE : 7081

पूर्णांक : 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' **(अंक 05)**

LO – SST- 729 - भारत के अलग–अलग क्षेत्रों से आने वाली विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियाँ हासिल करने वाली महिलाओं को पहचानते हैं।

गतिविधि 1 – समाज में महिलाओं की भूमिका

- अपने राज्य की उन महिलाओं के बारे में पता करिए जिन्होंने किसी न किसी क्षेत्र में राज्य/राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की हो। तालिका में दिए गए बिन्दुओं के आधार पर जानकारी एकत्रित करिए।

क्र.	नाम	कार्य क्षेत्र	उपलब्धि

गतिविधि 2 – स्व–सहायता समूह

आपके आसपास के महिला स्व–सहायता समूह की जानकारी निम्नलिखित बिंदुओं में एकत्रित कर लिखिए–

- महिला स्व–सहायता समूह का नाम–
- स्थान–
- सदस्य संख्या–
- कार्य–
- कार्य हेतु लगने वाला कच्चा माल–
- कार्य करने का समय–
- स्व–सहायता समूह की आवश्यकता–
- स्व–सहायता समूह से होने वाले लाभ–
- क्या सरकार से कोई सुविधा प्राप्त है?

गतिविधि 3 – घरेलू कार्यों में महिलाओं का योगदान

- अगर आपकी माँ अथवा वे लोग जो घर के काम करते है एक दिन के लिए हड़ताल पर चले जाए तो कौन –कौन सी समस्यायें उत्पन्न होगी?

खण्ड – 'ब' **(अंक 05)**

LO – SST- 731 - समाचार पत्रों के समुचित उदाहरणों से मीडिया के कामकाज की व्याख्या करते हैं, विज्ञापन बनाते हैं।

गतिविधि 1– स्वच्छता अभियान

- स्वच्छता अभियान पर एक विज्ञापन बनाइए तथा एक स्लोगन भी लिखिए।

गतिविधि 2 – विज्ञापन

- स्वच्छता अभियान से संबंधित कौन–कौन से विज्ञापन प्रचलित हैं? विज्ञापन से संबंधित चित्र एकत्रित कर अपनी कॉपी में चिपकायें।

गतिविधि 3 – छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्य योजनाएँ

- समाचार पत्रों में विज्ञापन क्यों दिए जाते हैं ? छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का विज्ञापन एकत्रित कर अपनी कॉपी में चिपकायें ।

●●●